SINDHU
www.sindhuchaupal.com
CHAUPAL
हर खबर आप तक

Thursday 15th February 2024 | जयप्रकाश बूलचंदानी 9649457589 | website: www.sindhuchaupal.com

# महाराजा सूरजमल की 317 वीं जन्म जयंती के अवसर पर मिर्ज़ा इस्माइल रोड का नाम बदल कर महाराजा सूरजमल करने की हिंदू संगठनों ने की मांग



प्रकाश जी शर्मा अध्यक्ष सर्व हिन्दू समाज महासभा ने महाराजा सूरजमल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुगलों की नाक के नीचे अगर कोई हिंदुओं के साम्राज्य को स्थापित करने वाला कोई सम्राट योद्धा था ,जिसने अपने साहस पराक्रम और वीरता से हिंदुओं को एकजुट करने का काम किया और मुगलों को नाको चने चबाने का काम किया वह सूरजमल जी थे। प्रकाश जी ने बताया कि आज हमने आज पाँच बत्ती चौराहे पर हिन्दू हृदय सम्राट महाराजा सूरजमल जी की 317 वीं जयन्ती पर मिर्ज़ा इस्माइल रोड का नाम परिवर्तित कर हिन्दू हृदय सम्राट महाराजा सूरजमल करने,पाँच बत्ती चौराहे को महाराजा सूरजमल चौराहा करने और पाँच बत्ती चौराहे पर महाराजा सूरजमल जी की विशाल प्रतिमा लगाने की माँग की।

इसके अतिरिक्त पूज्य सिंधी सेंट्रल महा पंचायत जयपुर महानगर के अध्यक्ष संतोष धिरवानी ने बताया कि आज सूरजमल जी के जीवन के आदर्श को युवाओं को अपनाने की आवश्यकता है कि साधन कम हो सकते हैं लेकिन अगर व्यक्ति अपने राष्ट्र के लिए संघर्ष करें और साहस से चले तो पराक्रमी अजेय वीर योद्धा महाराजा सूरजमल जी की तरह बन सकता है। हमारे जीवन का ध्येय राष्ट्र सर्वोपरी होना चाहिए।










महाराजा सूरजमल जी की तस्वीर को पांच बत्ती चौराहे पर लगाकर पुष्पांजलि अर्पित इस अवसर पर प्रकाश जी शर्मा अध्यक्ष सर्व हिन्दू समाज महासभा,भागिरथ भंवरिया उपाध्यक्ष आदर्श जाट महासभा,कैलाश जी ओला कोषाध्यक्ष आदर्श जाट महासभा,भंवरलाल जी चौधरी प्रवक्ता आदर्श जाट महासभा राजस्थान,अधिवक्ता संगीता सुण्डा,सुरेश जी शर्मा,पूज्य सिंधी सेंट्रल महा पंचायत जयपुर महानगर के अध्यक्ष संतोष धिरवानी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।